कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725)

E-Mail ID
ee_cd_kannuaj@yahoo.com
eecdupjnkannauj@gmail.com

पत्रांकः- 1442 / न्याय-3 / 133 दिनांकः- 22/06/26

सेवा में,
जिलाधिकारी
कन्नौज।

विषय- दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में प्रकाशित खबर "हैंडपंप बने ठूंठ, टंकियां अधूरी भीषण गर्मी में कंठ लगे सूखने" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 22.06.2026 को दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में प्रकाशित खबर "हैंडपंप बने ठूंठ, टंकियां अधूरी भीषण गर्मी में कंठ लगे सूखने" के शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बेहटा रामपुर पेयजल योजना पर फर्म वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा कार्य कराया जा रहा है जिसमें अवर जलाशय का कार्य स्टेजिंग तक पूर्ण है। अवशेष कार्य पूर्ण करने की तिथि दिसम्बर 2026 लक्षित है।

ठठिया पेयजल योजना पुनर्गठन के अन्तर्गत जोन-1 व जोन-2 में फर्म वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा कार्य कराया जा रहा है, जोन-1 व जोन-2 में नलकूप का कार्य पूर्ण हैं। बाउन्ड्रीवाल, पम्प हाउस एवं अवर जलाशय को गुणवत्तापूर्ण मरम्मत करा दिया गया है तथा सौर ऊर्जा का अधिष्ठापन किया जा चुका है। योजना से जुड़े ग्राम कृपालपुरवा व बसावनपुरवा में सीधे पम्प से जलापूर्ति की जा रही है, शेष बचे मजरों में अवर जलाशय का निर्माण पूर्ण होने के उपरान्त जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

नेपालपुर पेयजल योजना में फर्म वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा कार्य कराया जा रहा है जिसमें अवर जलाशय का कार्य जिंक – एलम टैंक ईस्टालेशन तक पूर्ण है तथा इनलेट व आउटलेट डी.आई. पाइप फिटिंग का कार्य शेष है। योजना पर डायरेक्ट पम्प से जलापूर्ति की जा रही है, ग्राम नेपालपुर व पालपुर ऊँचाई पर होने के कारण सीधे पम्प से जलापूर्ति सम्भव नहीं हो पा रही है। अवर जलाशय के अवशेष कार्य पूर्ण होने के उपरान्त योजना से जुडे सभी ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ की जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय
(हस्ताक्षर)
(ए0 के0 राव)
अधिशासी अभियन्ता
c/c

Scanned with OKEN Scanner